महाविद्यालय एन0सी0सी0 (3/3 S.D. प्लाटून, रा0 महा0 उत्तरकाशी)

आख्या 2021-22

राष्ट्रीय कैडेट कोर देश के युवाओं सबसे बड़ा एवं महत्वपूर्ण संगठित समूह है, जो छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण देकर, उनमें एकता और अनुशासन की भावना विकसित करके देश के विभिन्न क्षेत्रों में नेतृत्व करने के लिए प्रेरित करता है। इस संगठन के माध्यम से युवा वर्ग में व्यक्तित्व निर्माण होता है जिससे उसमें देश सेवा एवं आत्मनिर्भरता की भावना विकसित होती है।

उत्तरकाशी के 3UK बटालियन के अंतर्गत महाविद्यालय की 3/3 S.D. प्लाटून का 1974 से सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। स्थापना वर्ष से क्रमशः ले0 वीरेन्द्र द्विवेदी (1974-1995), ले0 निहाल सिंह (1995-1996), कै0 डी0एस0नेगी (2000-2011), डॉ0 मृत्युंजय शर्मा, डॉ0 हेमंत परमार तथा ले0 आकाश चन्द्र मिश्र (2016 से अब तक) ने एसोसिएट एन0सी0सी0 अधिकारी के रूप में कॉलेज प्लाटून का संचालन किया है। वर्तमान में महाविद्यालय प्लाटून में 01 ANO तथा 120 कैडेटों की स्वीकृत संख्या हैं ।

विभिन्न सत्रों में प्रतिभाशाली कैडेटों, शेषनाथ शर्मा (2008); मंदीप सजवाण (2014); दीपक भट्ट (2016); संध्या रावत (2016); नवीन (2017); रजत कुमार (2019); गोविन्द (2022) ने प्रति वर्ष जनवरी में संपन्न होने वाले प्रतिष्ठित रिपब्लिक डे कैंप (RDC) में प्रतिभाग करके महाविद्यालय एवं उत्तरकाशी जिले का मान बढ़ाया है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय प्लाटून के कैडेट समय-समय पर भारतीय सेना, अन्य सशस्त्र सेनाओं एवं पुलिस में चयनित होकर देश सेवा में अपना योगदान दे रहे हैं।

सत्र 2021-22 में महाविद्यालय NCC प्लाटून के कुल 120 कैडेटों में 68 छात्र (SD) और 52 छात्रा (SW) कैडेट रहीं जिसमें सीनियर अंडर अफसर (SUO) के रूप में राजकुमार एवं अंडर अफसर (UO) के पद में कृष्णपाल सिंह राणा एवं सोनिका ने कार्य किया । इसी सत्र में कैडेट गोविन्द ने प्रतिष्ठित रिपब्लिक डे कैंप (RDC) एवं प्रधानमंत्री रैली में प्रतिभाग कर महाविद्यालय और उत्तरकाशी का मान बढाया । इसके अतिरिक्त 04 कैडेटों, राजकुमार; कृष्णपाल सिंह राणा; शिवम और देवेश, द्वारा 28 दिसम्बर से 08 जनवरी 2022 के मध्य IMA अटैचमेंट कैंप (Indian Military Academy, Dehradun) में प्रतिभाग किया गया ।

सत्र 2021-22 में महाविद्यालय NCC प्लाटून के कैडेट नियमित परेडों के अतिरिक्त समय-समय पर एनुअल ट्रेनिंग कैंप, नेशनल इंटीग्रेशन कैंप, थल सेना कैंप, सद्भावना कैंप, कंबाइंड आर्मी अटैचमेंट कैंप, एक भारत श्रेष्ठ भारत कैंप, इत्यादी में प्रतिभाग करते रहते हैं। इसके अतिरिक्त कैडेट उत्तरकाशी मुख्यालय में होने वाले सभी सामाजिक क्रियाकलापों जैसे स्वच्छता अभियान, नशामुक्ति अभियान, जागरूकता रैली, साक्षरता अभियान, मतदाता जागरूकता अभियान, खेलकूद आयोजनों और रक्तदान शिविरों में सक्रिय रूप अपना योगदान देते हैं। कोरोना संक्रमण काल के मुश्किल समय के दौरान भी कैडेट्स ने विभिन्न डिजिटल माध्यमों (दीक्षा एप्प, NCC एप्प) के माध्यमों से खुद को प्रशिक्षित एवं समाज को कोरोना संक्रमण से बचाव के प्रति जागरूक किया । इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन की आवश्यकतानुसार कैडेटो ने प्रशिक्षण प्राप्त कर कोविड 19 से मानवता की लड़ाई में विभिन्न अभियानों द्वारा, स्वनिर्मित पोस्टरों एवं विडिओ द्वारा लोगों को कोविड-19 अनुरूप ब्यवहार हेतु जागरूक किया ।